**कार्यालय प्राचार्य**
**विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)**
**(NAAC Accredited 'B++' Grade)**
E-mail: heggpgcmorgwa@mp.gov.in, girlscollegemorar@rediffmail.com
Telephone ☎ No. 0751-2368329


क्रमांक................/स्था/2026                                    दिनांक .........................

# प्रतिवेदन

**वी.आर.जी. महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि**
**(महाविद्यालय में डॉक्यूमेंट्री,भाषिक प्रस्तुतियां एवं देशभक्ति की शपथ के साथ वीर जवानों के बलिदान को याद किया गया)**

विजयाराजे शासकीय कन्या स्नात्कोतर महाविद्यालय मुरार, ग्वालियर में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीस)की छात्राओं द्वारा विविध देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में देश भक्ति एवं जन जागरूकता रैली के साथ हुआ रैली के दौरान कैडेट्स ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, "शहीदों का सम्मान राष्ट्र का अभिमान" जैसे उद्घोष के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्र प्रेम एवं देश भक्ति का संदेश दिया।

इसके उपरांत एनसीसी एवं एन.एस.एस. की छात्राओं को मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व एन.सी.सी. अधिकारी, मेजर राजवीर सिंह किरार ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक विजय भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस शौर्य एवं पराक्रम का उल्लेख करते हुए छात्राओं को अनुशासन कर्तव्य निष्ठा एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। एन.सी.सी. अधिकारी ले. डॉ मौसमी सिंह ने छात्राओं को संबोधित कर बताया कि देश के वीर शहीदों का बलिदान हमारी अमूल्य धरोहर है जिसे प्रत्येक युवा पीढ़ी को सदैव स्मरण रखना चाहिए। कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस के कैडेट्स ने अपने प्रेरणादाई विचार व्यक्त करते हुए, बताया कि वीर सैनिकों का अदम्य साहस त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रीयहित एवं राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी की सीनियर अंडर ऑफिसर निकिता तोमर द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी ले. डॉ मौसमी सिंह, एन.एस.एस. की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता सिंह एवं डॉ इंदु गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर एनसीसी कैडेट एस एनएसएस वॉलिंटियर्स एवं प्राध्यापकों ने राष्ट्रीयहित एवं राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा पूरे उत्साह एवं गौरव के साथ राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया।

**डॉ. मौसमी सिंह**
**एन.सी.सी. अधिकारी**                                    **प्रभारी प्राचार्य**

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

Date 27 Jul, 2026 - Newspaper - Page5

Image Text

# कारगिल विजय दिवस पर वीरों को किया नमन, शहीद परिवारों का हुआ सम्मान



## देश के वीर शहीदों का बलिदान हमारी अमूल्य धरोहर है



## राष्ट्र हमेशा अमर शहीदों का ऋणी रहेगा : प्रो. गोस्वामी



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



वर्ष 20 | अंक 189 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें www.hindustanexpress.online ग्वालियर, सोमवार 27 जुलाई 2026 email - hindustanexpressbhopal@gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# कारगिल विजय दिवस पर कन्या महाविद्यालय में देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर।** विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की छात्राओं द्वारा विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जनजागरूकता रैली से हुआ। रैली के दौरान कैडेट्स ने भारत माता की जय, वंदे मातरम और शहीदों का सम्मान, राष्ट्र का अभिमान जैसे उदघोषों के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व एनसीसी अधिकारी मेजर राजवीर सिंह किरार ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक विजय का उल्लेख किया। उन्होंने भारतीय सैनिकों के अदम्य



साहस, शौर्य और पराक्रम पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्राओं को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. मौसमी सिंह ने कहा कि देश के वीर शहीदों का बलिदान हमारी अमूल्य धरोहर है। इसे प्रत्येक युवा पीढ़ी को सदैव स्मरण रखना चाहिए। कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस की छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों का साहस, त्याग और बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रहित एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन एनसीसी की सीनियर अंडर ऑफिसर निकिता तोमर ने किया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. मौसमी सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता सिंह एवं डॉ. इंदु गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। समापन अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों ने राष्ट्रीय हित एवं राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया।

# राष्ट्र हमेशा अमर शहीदों का ऋणी रहेगा: गोस्वामी

*– कारगिल के अमर शहीदों को जीवाजी विश्वविद्यालय ने दी श्रद्धांजलि*



**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय में रविवार को कारगिल विजय दिवस पूरे सम्मान और देशभक्ति के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी और उनके शौर्य, त्याग एवं राष्ट्रसेवा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ।

प्रभारी कुलगुरु प्रो. डी.एन. गोस्वामी ने कहा कि भारतीय सेना के वीर जवानों के अद्वितीय साहस और बलिदान के कारण ही देशवासी सुरक्षित एवं स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हमेशा अपने सैनिकों का ऋणी रहेगा और उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रोक्टर प्रो. एस.के. सिंह ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बताते हुए कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सैनिकों ने विषम परिस्थितियों और कड़ाके की ठंड के बीच अदम्य पराक्रम का परिचय देते हुए कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराकर विजय प्राप्त की थी। वहीं प्रो. एस.एन. महापात्रा ने कहा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान की भावना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में प्रो. एस.के. श्रीवास्तव ने भी शहीदों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि कारगिल के वीर सपूतों का त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। समापन अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. जे.एन. गौतम ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं में कारगिल विजय दिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 15 अगस्त को कुलगुरु द्वारा सम्मानित किया जाएगा।